हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 एसडीएम ने किया पुराने नपा भवन और नई सीसी ...



09 मिठाई दुकानों व होटल पर उपयोग हो रहे घरेलू...



खबर संक्षेप

संत रविदास जयंती पर समरसता यात्रा आज से

विदिशा। संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर विदिशा जिले में 20 अगस्त से 10 सितंबर तक श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा आयोजित होगी। अभियान के तहत कलश रथ यात्रा के साथ जिलेभर में सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 20 अगस्त को जिला मुख्यालय पर कलश वंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यात्रा के दौरान सामूहिक आरती, गुरुवाणी पाठ, भजन संध्या और समरसता संकल्प कार्यक्रम होंगे। कानून व्यवस्था, यातायात, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं अग्निशमन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

जिले की 2.71 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 46 करोड़ रु जमा

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना की अगस्त माह की 1500 रुपए नियमित सहायता के साथ रक्षाबंधन पर 250 रुपए की विशेष सहायता, कुल 1750 रुपए सिंगल क्लिक से जमा किए। जिला मुख्यालय पर भी कार्यक्रम हुआ, जिसमें विधायक मुकेश टंडन सहित लाड़ली बहनें, जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले की 2 लाख 71 हजार 494 महिलाओं के खातों में करीब 46 करोड़ रुपए पहुंचे।

आईटीआई में प्रवेश का ओपन-कन्वर्जन राउंड 20 से 24 अगस्त तक

विदिशा। जिले की समस्त आईटीआई में सत्र 2026-27 के लिए एनसीवीटी एवं एससीवीटी व्यवसायों की रिक्त सीटों पर राउंड-05 (ओपन-कन्वर्जन राउंड) के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। चयन सूची में नाम वाले आवेदक 20 से 24 अगस्त तक सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक संस्थान पहुंचकर दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करें। अवकाश के दिनों में भी प्रक्रिया जारी रहेगी। पोर्टल mpiticounseling.co.in है। आवेदक अंकसूची, अलॉटमेंट लेटर, मूल निवासी, जाति व आय प्रमाण-पत्र, आधार, फोटो, टीसी और चरित्र प्रमाण-पत्र साथ लाएं। 24 अगस्त के बाद प्रवेश का अवसर समाप्त हो जाएगा।

डलिया निर्माण से आत्म निर्भर बनीं दुर्गा बाई

विदिशा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ग्रामीण क्षेत्रों के पारंपरिक कारीगरों के लिए स्वावलंबन का आधार बन रही है। मंडीबामोरा के ग्राम बिटोला निवासी दुर्गाबाई ने शासकीय आईटीआई विदिशा में योजना के तहत डलिया निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण-पत्र हासिल किया। प्रशिक्षण के बाद मिली आर्थिक सहायता से उन्होंने पति के साथ डलिया निर्माण का व्यवसाय शुरू किया।

15 दिन बाद चोरों ने फिर उन्हीं दुकानों को बनाया निशाना जिनमें पहले की चोरी

सक्रिय हुई चोरों की गैंग, चार दुकानों के ताले टूटे, पोस्ट ऑफिस में भी हुई चोरी

अहमदपुर रोड पर बनी दुकानें चोरों के लिए आसान निशाना बन गईं हैं। 15 दिन पहले चोरों ने इसी स्थान पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और अब फिर से इन्हीं दुकानों को निशाना बनाया है। मंगलवार की रात चोरों ने यहां करीब 4 दुकानो के ताले तोड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अहमदपुर रोड पर बनी दुकानों को चोरों ने मंगलवार रात फिर से निशाना बनाया। वारदात बिजली कंपनी कार्यालय के सामने हुई। दीपक किराना दुकान से करीब 17 से 18 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ। वहीं अन्य दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया। व्यापारियों के अनुसार रात करीब 2 बजे दुकानों के ताले टूटने की आवाज सुनाई दी। एक व्यापारी ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान के 5 ताले तोड़ दिए थे। अंदर से लगे अतिरिक्त नट के कारण शटर नहीं खुल सका। आखिरी ताला तोड़ते समय आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो चोर मौके से भाग गए।

15 दिन में दूसरी बार चोरी की घटना

व्यापारियों का कहना है कि 15 दिनों के अंदर इसी क्षेत्र में चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले अटल उद्यान के पास 5 से 7 दुकानों के ताले तोड़े गए थे। इसके अलावा 3 नंबर गली में भी एक दुकान में चोरी हुई थी। व्यापारियों का आरोप है कि पिछली घटनाओं का खुलासा नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं। व्यापारी ऋषि तिवारी ने बताया कि पिछले एक महीने से क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने पुलिस से जल्द चोरों को पकड़ने और रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है। व्यापारी सीताराम साहू ने बताया कि रात करीब 2 बजे ताले तोड़ने की आवाज सुनकर उन्होंने बाहर देखा। उनके शोर मचाने पर चोर भाग गया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस रोड पर एक रेस्टोरेंट रात करीब 1 बजे तक खुलता है। जहां बैठकर लोग शराब पीते हैं। इसके बाद भी यहां गश्त करने वाला पुलिस का वाहन नहीं पहुंचता। कुछ ही दूरी पर बायपास के पास पुलिस वाहन खड़े होने का प्वाइंट भी है। इसके बाद भी इतनी सारी दुकानें के ताले टूट जाना गंभीर घटना है।

लो कर लो बात... कोतवाली थाने के सामने 100 मीटर दूरी पर ही चोरी



विदिशा। एक किराना दुकान में लगे करीब पांच ताले चोरों ने तोड़ डाले।

कोतवाली के सामने बने पोस्ट ऑफिस का सामान हुआ चोरी

पोस्ट मास्टर ने डाकघर अधीक्षक को सूचना दी है कि एसी की आउट डोर यूनिट और जनरेटर की बैटरी चोर चुरा ले गए हैं। हालांकि पोस्ट ऑफिस में चौकीदार भी तैनात रहता है लेकिन अभी पोस्ट ऑफिस के भवन में रिनोवेशन का काम चल रहा है और कई मजदूर आ रहे हैं। ठेकेदार के कर्मचारी रोज बदल बदल कर आते हैं। रिनोवेशन के कारण कुछ कैमरे भी बंद पड़े हुए हैं। पोस्ट ऑफिस अधीक्षक टीएस भील ने बताया कि पोस्ट मास्टर ने घटना के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दो दिन से मैं टूर पर था। कार्यालय पहुंचने के बाद सही जानकारी दे पाऊंगा की क्या - क्या चोरी हुआ है।

15 सितंबर तक शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनने का लक्ष्य

आज से शुरू होगा एग्रीस्टैक अभियान, मिलेगी गति

किसानों को उर्वरक, उपार्जन और कृषि योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रबी वर्ष 2026-27 की तैयारियों को लेकर प्रदेश सरकार ने 20 अगस्त से 15 सितंबर तक एग्रीस्टैक पंजीयन, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य पात्र किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर आईडी तैयार करना, लंबित बकेटिंग प्रकरणों का निराकरण, पैक्स सदस्यता बढ़ाना तथा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) सेचुरेशन के लक्ष्य को पूरा करना है। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाते हुए ऐसे भूमिस्वामियों के रिकॉर्ड दुरुस्त करेंगे, जिनके खातों में हिस्सेदारी निर्धारित नहीं है। इससे किसान अपनी भूमि को फार्मर आईडी से जोड़ सकेंगे और कृषि सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

किसानों की ग्रामवार सूची तैयार की जाएगी

प्रशासन द्वारा सारा पोर्टल के माध्यम से ऐसे किसानों की ग्रामवार सूची तैयार की जाएगी, जिनकी फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है। साथ ही जिन किसानों की आईडी बन चुकी है, लेकिन सभी सर्वे नंबर लिंक नहीं हैं, उनके रिकॉर्ड भी अपडेट किए जाएंगे। गलत भूमि लिंक होने की स्थिति में आवश्यक संशोधन कर त्रुटियों को दूर किया जाएगा। अभियान के दौरान किसानों को फार्मर आईडी के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी। जिले में 18 अगस्त 2026 तक 47 .81 प्रतिशत पात्र किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। प्रशासन ने शेष किसानों से अभियान में सक्रिय भागीदारी कर समय पर पंजीयन कराने की अपील की है।

पारा पहाड़िया गांव में जर्जर स्कूल भवन में पढ़ रहे आदिवासी विद्यार्थी

शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, छत से टपकता है पानी



विदिशा। बच्चों को भीगने से बचाने के लिए छत पर पन्नी बांधकर चला रहे काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर गुलाबगंज तहसील की ग्राम पंचायत सिमरहार के आदिवासी कस्बे पारा पहाड़िया में स्कूल भवन की हालत चिंताजनक है।

करीब 15 वाय 20 फीट का कमरा जर्जर हो चुका है। छत से पानी टपकता है और दीवारों व छत में जगह-जगह दरारें व टूट-फूट दिखाई दे रही है। इसी कमरे में बच्चों की पढ़ाई के साथ डेस्क, कुर्सियां, किताबें और स्कूल का सामान रखा है। ग्रामीणों के अनुसार यहां करीब 200 आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जर्जर भवन के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। एक ओर सरकार स्कूल चलें हम जैसे अभियान चलाकर शिक्षा सुविधाओं के विस्तार के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय के नजदीक ही बच्चों को सुरक्षित भवन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्कूल भवन की मरम्मत या नए भवन निर्माण की मांग की है।

छह माह से भटक रहे मजदूरों को दिलाई मजदूरी

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिले में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। मंगलवार को गंजबासौदा तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई में छह माह से लंबित दो श्रमिकों की 15 हजार रुपए मजदूरी का तत्काल भुगतान कराया गया। तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदक नीलेश कुशवाह और रविंद्र अहिरवार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक निजी होटल संचालक ने फरवरी माह में उनसे कलर एवं पुट्टी का कार्य कराया था, लेकिन काम पूरा होने के बाद भी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया।

यूपीएससी तैयारी के लिए एसटी वर्ग के 100 छात्रों का चयन होगा

विदिशा। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। वर्ष 2026-27 के लिए 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। चयन के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा 6 सितंबर को दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक भोपाल, इंदौर, जबलपुर और शहडोल में होगी। प्रवेश पत्र 1 सितंबर के बाद डाउनलोड किए जा सकेंगे। चयनित विद्यार्थियों को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी कराई जाएगी।

लापरवाही करने पर एक वेतनवृद्धि रोकी

विदिशा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के उद्देश्य से संचालित हिरण्यगर्भा अभियान में सिरोंज क्षेत्र की प्रगति बेहद कम पाए जाने पर पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. भूपेंद्र माहौर के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 23,700 के लक्ष्य के विरुद्ध केवल 1,816 कृत्रिम गर्भाधान हुए, जो करीब 8 प्रतिशत है। वहीं 1 अप्रैल से 18 जुलाई 2026 तक सिर्फ 269 प्रविष्टियां दर्ज हुईं तथा 8 आईडी पर प्रगति शून्य रही। विभागीय परीक्षण में लापरवाही एवं अकर्मण्यता पाए जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के तहत डॉ. माहौर की एक वेतन-वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की लघु शास्ति लगाई गई है।

मृत गौवंश के परिवहन में प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर दैनिक वेतन कर्मचारी की सेवा समाप्त

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद नगरपालिका ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका में दैनिक वेतन कर्मचारी के रूप में कार्यरत हरिनारायण कुशवाह को मृत गौवंश के परिवहन एवं निस्तारण में निर्धारित प्रोटोकॉल का उल्लंघन किए जाने पर तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

मामला सोशल मीडिया पर वीडियो के माध्यम से नगरपालिका के संज्ञान में आया। वीडियो में हरि नारायण कुशवाह द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली में मृत गौवंश को असंवेदनशील एवं अमर्यादित तरीके से ले जाते हुए दिखाई देने की बात सामने आई। वीडियो के आधार पर प्रथम दृष्टया मृत गौवंश के परिवहन एवं निस्तारण संबंधी निर्धारित प्रोटोकॉल और विभागीय निर्देशों का पालन नहीं किया जाना पाया गया।

सीएमओ दुर्गेश सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि संबंधित कृत्य से विभागीय कार्यप्रणाली एवं निर्धारित नियमों की अवहेलना हुई है। साथ ही इससे जनभावनाओं को ठेस पहुंचने की संभावना भी बनी। इसे गंभीर कदाचार की श्रेणी में मानते हुए नगरपालिका ने हरिनारायण कुशवाह को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक करने का आदेश जारी किया। नगरपालिका ने स्पष्ट किया कि मृत गौवंश के परिवहन एवं निस्तारण में निर्धारित प्रोटोकॉल, स्वच्छता मानकों और संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

मृत गौवंश को असंवेदनशील एवं अमर्यादित तरीके से ले जाता था।

बिजली शिकायतों का शिविरों में निराकरण

विदिशा। जिला प्रशासन के निर्देश पर बिजली कंपनी द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष शिविर लगाए गए। शिविरों में नवीन कनेक्शन, स्मार्ट मीटर, मीटर संबंधी शिकायत, बिजली बिल, विद्युत भार बढ़ाने तथा नीचे लटक रहे तारों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। प्रयाग सिंह कुशवाह के तेज मीटर व अधिक बिल की शिकायत का मौके पर निराकरण हुआ। सतीश चंद्र सक्सेना का विद्युत भार बढ़ाया गया, जबकि इरफान कुरैशी का मीटर व्यवस्थित किया गया। जीएन शर्मा के घर स्मार्ट मीटर, कुलदीप मालवीय की केबल व्यवस्थित तथा रघुवर प्रसाद पासी के घर नया मीटर लगाया गया।

गोष्ठी: बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच कवियों ने वर्षा ऋतु के विविध रंगों को रचनाओं में उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बारिश के रसीले मौसम में मेघों के आगमन के साथ प्रेरणा मंच की पावस गोष्ठी का आयोजन डॉ. नीरज कनोजिया के सौजन्य से उनके निवास पर हुआ। सरस्वती वंदना के साथ बूंदों के घुंघरू की झंकार के बीच गोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं श्रोता उपस्थित रहे। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने कहा कि पावस ऋतु उत्सवों की भूमिका तैयार करती है। आषाढ़ और श्रावण प्रकृति का आलाप और सुरीली सरगम हैं। उन्होंने अपनी कविता 'बारिश मेघ कन्या है' के माध्यम से वर्षा के सौंदर्य को साकार किया। संतोष नामदेव ने 'मेघ बरसे' संस्मरण और 'वर्षा रानी' कविता प्रस्तुत कर भाव-विभोर किया। प्रदीप जैन पारस ने 'मन हुआ है बावरा', मुकेश ने 'बरखा रानी जरा जम के बरसो', सुमन मंडोरिया ने 'घिर आए मेघ' और नवनीता पाण्डेय ने 'सावन की फुहार' प्रस्तुत की। जागृति अवस्थी ने स्वाति नक्षत्र का महत्व बताया, जबकि कुसुम तोमर ने 'मेघ आए उत्सव मनाए' सुनाई।



रितु देवलिया, ज्योति जाधव, डॉ. नीरज कनोजिया, डॉ. रीता शर्मा, रेखा वर्मा, छाया नामदेव, डॉ. रेखा श्रीवास्तव और चारूलता सक्सेना ने भी अपनी रचनाओं से वर्षा के सौंदर्य, स्मृतियों और पर्यावरणीय चिंताओं को अभिव्यक्त किया। सभी ने वर्षा ऋतु का स्वागत करते हुए आषाढ़-श्रावण का अभिनंदन किया।

तुलसी जयंती सप्ताह के पहले दिन गूंजे दोहा, छंद और चौपाई

तुलसीदास की चौपाइयों से गूंजा सरस्वती शिशु मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तुलसी जयंती सप्ताह का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ।

प्रथम दिवस विद्यार्थियों के लिए तुलसीदास की रचनाओं पर आधारित दोहा, चौपाई एवं छंद के सस्वर गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भावपूर्ण प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रश्न मंच से हुई, जिसमें विद्यार्थियों से रामचरितमानस एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के साहित्य से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को मौके पर ही पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद सस्वर पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मधुर एवं भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। प्राथमिक वर्ग में विभूति तिवारी एवं सुयश सिंह ठाकुर, माध्यमिक वर्ग में भावना कुशवाह, खुशी प्रजापति, संध्या बघेल एवं रीति दुबे तथा उच्चतर माध्यमिक वर्ग में आश्रय कटारे, पलक पटेरिया एवं राधिका सेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों की रचनाएं सुनते हुए अतिथिगण।

छात्रों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है उद्देश्य

न्यास अध्यक्ष गोविंद देवीलिया ने बताया कि तुलसी जयंती सप्ताह के तहत विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, रामायण एवं तुलसीदास जी के साहित्य के प्रति रुचि, संस्कार और साहित्यिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में भरत लड्ढा, सतीश खत्री, आचार्य शिवकुमार तिवारी, अनंत सिंह, उदय ढोली, प्राचार्य भार्गव, हेमलता परिहार, आचार्य राजकिशोर सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आज गुरुवार को अवंतीबाई विद्यालय में सुबह 11 बजे चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। न्यास द्वारा ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि अन्य आवश्यक सामग्री विद्यार्थियों को स्वयं लानी होगी।

बेटे की मौत के बाद उपजा विवाद, संपत्ति का एक तिहाई हिस्सा पोतियों और बहू के नाम करने पर बनी सहमति

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में 6 प्रकरणों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस द्वारा सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत आयोजित की गई। वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े छह प्रकरणों में एएसपी मोनिका तिवारी ने सुनवाई की। सुनवाई में पारिवारिक विवाद, संपत्ति, प्रताड़ना एवं देखभाल से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनी गई। लोन की किस्त को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में समझाइश के बाद दोनों पक्ष समय पर किस्त जमा करने और सौहार्दपूर्ण माहौल में रहने पर सहमत हुए।

त्योंदा में पुत्र की मृत्यु के बाद संपत्ति को लेकर विवाद था। समझाइश के बाद संपत्ति का एक-तिहाई हिस्सा पोतियों एवं बहू के नाम करने पर सहमति दी, जबकि बहू ने सास-ससुर की देखभाल का आश्वासन दिया। विदिशा की 63 वर्षीय महिला के मारपीट एवं घर से निकालने की शिकायत पर भी समझाइश दी गई। वहीं 90 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक की देखभाल से जुड़े मामले में पुत्र ने उचित देखभाल का भरोसा दिलाया। अन्य प्रकरणों में दस्तावेज एवं पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अगली सुनवाई की तिथियां तय की गईं।



विदिशा। पुलिस पंचायत में सीनियर सिटीजन की समस्याएं सुनते हुए एएसपी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4250
उच्चतम भाव-6930
सरसों
न्यूनतम भाव-6680
उच्चतम भाव-7771
चना
न्यूनतम भाव-4501
उच्चतम भाव-6260
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-9701
शरबती
न्यूनतम भाव-3165
उच्चतम भाव-4960
गेंहू
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-2956
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2490
उच्चतम भाव-2550
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3200
मूंग
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6860
धनिया
न्यूनतम भाव-13000
उच्चतम भाव-14320
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5610
मक्का
न्यूनतम भाव-1831
उच्चतम भाव-2000
मटर
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5512 बोरों उपज की आवक दर्ज हुई।

खबर संक्षेप

शौचालय बनने से मिली आमजन को राहत



गंजबासौदा। नगर के जय स्तंभ चौक से सावरकर चौक के बीच कहीं भी सुलभ शौचालय नहीं था। खासकर महिलाओं को हो रही परेशानी को देखते हुए नगर पालिका ने नागरिक बैंक के समीप पाराशरी नदी पर महिला एवं पुरुष शौचालय का निर्माण कर नागरिकों की एक बड़ी समस्या का समाधान किया है। इस सुलभ शौचालय में सोखता गड्ढे के साथ पानी की टंकियां भी रखवाई गई हैं। जिससे स्वच्छता बनी रहेगी।

शाम को लगा जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लगता है। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यातायात का अधिक दबाव होने से बुधवार को मार्ग पर वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित हुई।

फिर नहीं पहुंची एंबुलेंस, ऑटो से महिला को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता पर सवाल खड़े हुए। मेमो ट्रेन से उतरते समय प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई 32 वर्षीय महिला के लिए 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन ऑपरेटर द्वारा एंबुलेंस का प्रतीक्षा समय एक घंटे से अधिक बताया गया। गंभीर रूप से घायल महिला के लिए इंतजार करने की जगह रेलवे कर्मचारियों और आरपीएफ स्टाफ ने तत्परता से उसे ऑटो की सहायता से अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार फ्रीगंज निवासी विष्णु वंशकार की 32 वर्षीय पत्नी मेमो ट्रेन से उतरते समय प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर गिर पड़ीं। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह अचेत हो गईं। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर एवं सहायक स्टेशन मास्टर को दी। ड्यूटी पर तैनात सहायक स्टेशन मास्टर मदन सैनी ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन ऑपरेटर द्वारा एंबुलेंस का वेटिंग टाइम एक घंटे से अधिक बताया गया। गंभीर रूप से घायल और अचेत महिला के लिए इतना लंबा इंतजार जोखिम भरा हो सकता था। इसी बीच घटना की जानकारी मिलते ही सिग्नल विभाग के कर्मचारी आकाश जैन, उमेश यादव एवं आरपीएफ आरक्षक रवि कुमार मौके पर पहुंचे। महिला अचेत अवस्था में थीं और उनसे संपर्क करना संभव नहीं था।

आरपीएफ आरक्षक रवि कुमार की मौजूदगी में सिग्नल कर्मचारी आकाश जैन ने फिंगरप्रिंट की सहायता से महिला का मोबाइल फोन अनलॉक किया। मोबाइल में उपलब्ध नंबरों पर सपंर्क किया गया। जिसमें महिला के फ्रीगंज निवासी होने की जानकारी भी प्राप्त हुई। इसके बाद उनके पति से संपर्क किया गया। एंबुलेंस के पहुंचने में लंबा समय लगने की जानकारी मिलने के बाद घायल महिला को और इंतजार कराने के बजाय तत्काल ऑटो से चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनका उपचार शुरू कराया गया। घटना ने एक ओर जहां गंभीर आपात स्थिति में डायल 108 एंबुलेंस की उपलब्धता और रिस्पॉन्स टाइम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर मौजूद सिग्नल, परिचालन कर्मचारियों और आरपीएफ जवानों की तत्परता ने मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की। रेलवे कर्मियों की तत्परता की सराहना की जा रही है। इससे पूर्व भी कई दुर्घटनाओं में आरपीएफ, जीआरपी और रेलकर्मी इसी तरह की मदद कर चुके हैं।

पिता की स्मृति में बीजासन माता मंदिर निर्माण के लिए दी एक लाख इक्कीस हजार की राशि



गंजबासौदा। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव ने गत दिवस ग्राम कुल्हार में बीजासन माता मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन की एवं माता से मंगल कामना की। इस मौके पर उन्होंने अपने पिता स्व सनमान सिंह यादव की स्मृति में मंदिर निर्माण के लिए एक लाख इक्कीस हजार रूपए की राशि भेंट की। यह राशि बीजासन माता मंदिर निर्माण समिति कुल्हार के सचिव नारायण प्रसाद शर्मा एवं समिति सदस्यों को भेंट करते हुए मंदिर निर्माण में आगामी समय में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर कप्तान सिंह यादव के साथ अनूप यादव, सुनील यादव, मनोज यादव सहित बडी संख्या में उनके सहयोगी और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिव महापुराण कथा में पहुंचे जनप्रतिनिधि



गंजबासौदा। पुरानी नगर पालिका परिसर के पास आयोजित शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दौरान चल रही कथा में बुधवार को नगर के जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, एसडीएम अनुभा जैन, सीएमओ अशोक वर्मा एवं नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर पार्थिव शिवलिंग का दर्शन किया और कथा का श्रवण किया। सभी अतिथियों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद ग्रहण किया और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव और संस्कार को बढ़ाते हैं। कथा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण उपस्थित रहे और भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखे।

जर्जर भवन तोड़ने और पाराशरी किनारे जाली लगाने के दिए निर्देश

एसडीएम ने किया पुराने नपा भवन और नई सीसी सड़क का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





मंगलवार को शहर में निर्माण कार्यों एवं पुराने भवनों का एसडीएम अनुभा जैन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे सबसे पहले पुरानी नगर पालिका भवन पहुंचीं। निरीक्षण में पाया गया कि पुरानी नगर पालिका का भवन काफी जर्जर हो चुका है। किसी भी समय दुर्घटना की संभावना को देखते हुए एसडीएम ने भवन को तत्काल तोड़ने के निर्देश नपा सीएमओ को दिए। इसके बाद एसडीएम ने वार्ड नंबर 9 स्थित पारासरी नदी पुल के पास कॉम्पलेक्स से लेकर त्योंदा रोड पर सिंधी कॉलोनी तक बनाए गए नवीन सीसी रोड का भी निरीक्षण किया। यह मार्ग जाम की समस्या से राहत देने के लिए बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि यहां पूर्व में कचरा फेंका जाता था, जिसे हटाकर नपा ने बायपास बनवा दिया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पारासरी नदी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से जाली लगाने के निर्देश नपा सीएमओ अशोक वर्मा को दिए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव,इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि सरदार अहिरवार, संजय भावसार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कस्बा बागरोद में समर्थ गुरु राम बाबा समाधि स्थल पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का वाचन पंडित संजय शास्त्री सिलवानी द्वारा किया गया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। सात श्रीमद् भागवत कथा अंतिम दिन सुदामा चरित्र भगवान श्री कृष्णा भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया। कस्बा बागरोद प्राचीन समर्थ गुरु राम बाबा की समाधि स्थल प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में ग्रामीण अंचलों के संत महात्मा उपस्थित रहे। कथा के समापन के मौके पर मंदिर के पुजारी सौरभ चौबे ने बताया कि विशाल भंडारे के दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगणों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। कथा के समापन पश्चात कथावाचक पंडित संजय शास्त्री सिलवानी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बलिराम यादव का हाल चाल जानने उनके घर पर पहुंचे जहां भाजपा युवा नेता वरिष्ठ पत्रकार, मंडल उपाध्यक्ष त्योंदा, बागरोद दीपक यादव ने शास्त्री का फूल माला से भव्य स्वागत किया।

चोरी का खुलासा, तीन फरार आरोपी पकड़ाए



गंजबासौदा। गत 19 जुलाई को ग्राम सुमेर दांगी में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 लाख 15 हजार रूपए का माल बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुमेर दांगी निवासी केहरी सिंह विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305(a), 332(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। एसपी रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के निर्देशन और एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में गठित त्योंदा पुलिस थाने की टीम ने लगातार प्रयास एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर फरार आरोपियों की तलाश की।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में आरेश पारदी, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम झिरिया, जिमी पारदी, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम खामखेड़ा, राममोहन रामजीतेश पारदी, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम खामखेड़ा, थाना त्योंदा शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस ने इनमें से एक आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर उसके पास से 75 हजार रूपए का माल बरामद कर लिया था। जबकि दो फरार आरोपियों को अब गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख 40 हजार रूपए का चोरी का माल बरामद किया गया है। इस तरह तीनों आरोपियों से कुल 2.15 लाख का मशरूका बरामद कर लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी त्योंदा गौरव रघुवंशी, प्रधान आरक्षक अखिलेश शुक्ला, विपिन यादव एवं आरक्षक शिवम तोमर, संजय यादव की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल-112 पर दें।

आखिरकार फिर छले गए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कहा जाता है कि शिक्षक भविष्य निर्माता है लेकिन इस समय शिक्षक पर जिस तरह मानसिक दबाब बनाया जा रहा है उसके भविष्य से खेला जा रहा है, यह समझ से परे है। जब छात्रों को अच्छी शिक्षा संस्कार देने उनका भविष्य सुधारने का कार्य तो शिक्षक मन से तभी कर पाएगा जब उसका उसके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो। लेकिन वर्तमान समय में जिस तरह शिक्षकों को न्यायालय के आदेश का हवाला देकर टीईटी की परीक्षा की बात की जा रही है वह अत्यंत सोचनीय है। शिक्षक संघर्ष सयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा हल निकालने हेतू सम्पूर्ण देश के विधायकों, सांसदों, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से मिलकर इस समस्या के हल हेतू अध्यादेश लाने का अनुरोध किया था, लेकिन हुआ कुछ नहीं। सरकार अध्यादेश नहीं लाई न ही कोई सुगम रास्ता निकला और टेट परीक्षा की समय सारणी भी घोषित हो गई तो फिर 25 लाख शिक्षकों के साथ नाइंसाफी की कतार में एक शोषण और शुरू हो गया। TET नौकरी बचाओ, ईअटेंडेंस, प्राण बचाओ, OPS बुढ़ापा बचाओ, मोर्चा के चन्द्र भूषण किरार, केजी राय और विजय श्रीवास्तव, सौदान सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि जहां शासन के प्रतिनिधि टीईटी हेतू न्यायालय का हवाला देकर परीक्षा आयोजित करवा रहे हैं, तो न्यायालय द्वारा शिक्षकों के हक में जब न्यायालय से आदेश हुए हैं, जैसे प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन या अन्य आदेश तब शासन क्यों नही मानती है। इसका सीधा अर्थ है जब जब शिक्षकों के खिलाफ कोई आदेश होगा वह तत्काल माना जाएगा। जहां तक परीक्षा की बात है 28 वर्ष नौकरी करने के उपरांत आज के सिलेबस, पेर्टन में ऐसा कोई कर्मचारी है, चाहे वह आईएस, आईपीएस, डॉक्टर या अन्य कोई भी कर्मचारी क्या वह परीक्षा पास करने की स्थिति में रहेगा। शिक्षकों ने कहा कि अगर कोई रास्ता नहीं है, परीक्षा के सिवाय तो विधिवत हमें परीक्षा तैयारी हेतु अवकाश, परीक्षा हेतु प्रशिक्षण स्पष्ट सिलेबस, आफ लाइन परीक्षा आदि की व्यवस्था की जाती पर बस तुगलकी फरमान आया परीक्षा का। शिक्षकों पर ऑन लाइन अंटेडेंस पर इतनी सख्ती की जा रही है कि शिक्षक दुर्घटना का शिकार हो रहा है। मानसिक परेशानी से गुजर रहा है ऊपर से कई तरह के ऐप, सैकडों काम लाद दिए है अब वह ई अटेंडेंस और अन्य कार्य करें या अपनी परीक्षा की तैयारी करें।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आचार्य व छात्रों ने जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

वेदांत आश्रम में तुलसी जयंती समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जीवाजीपुर में स्थापित वेदांत आश्रम में गोस्वामी तुलसीदास की 529 वीं जयंती मनाई गई। आचार्य एवं छात्रों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। महोत्सव के समापन पर आश्रम महंत हरिहरदास महाराज ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास का जन्म ग्राम राजापुर जिला चित्रकूट की पावन धरा पर पिता आत्माराम दुबे, माता हुलसीबाई के यहां हुआ था। अभुक्त मूल नक्षत्र में पैदा होने से परिवार में संकट के भय से पिता ने घर से बाहर कर दिया था। लेकिन प्रभु भक्ति के बल पर जगत के प्रत्येक मनुष्य के दिल में आज तक उनकी जगह बनी हुई है। पत्नी रत्नावली से विवाह भी हुआ पर पत्नी को छोड़कर उन्होंने विद्यागुरु शेष सनातन के सानिध्य में वेद वेदांग, ज्योतिष, आध्यात्मिक की सारी विद्याओं में निपुणता हासिल की। इसके बाद अवधी भाषा में रामचरितमानस ग्रंथ को लिखा क्योंकि उनका उद्देश्य रचना से स्वंय की प्रसिद्धि नहीं बल्कि प्रभु की भक्ति को प्रत्येक जनमानस में प्रतिष्ठित करना था। इसलिए जो प्रभु की भक्ति का प्रचार करता है, उसका स्वाभाविक प्रचार हो जाता है। उनकी 12 रचनाएं हमारे समाज के लिए बड़े प्रेरणा दायक हैं। उनका देह त्याग वाराणसी में संवत 1680 में हुआ। इस दौरान वेदांत आश्रम के सभी बटुक मौजूद रहे।

झेलम एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह झूठी, चेन पुलिंग से 15 मिनट रुकी ट्रेन

गंजबासौदा। मंगलवार को गंजबासौदा रेलवे स्टेशन से छूटने के बाद झेलम एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन में आग नहीं लगी थी। यह सिर्फ अफवाह थी। जानकारी के अनुसार झेलम एक्सप्रेस गंजबासौदा से बीना की ओर रवाना हुई थी। ट्रेन के जनरल बोगी में पीछे की तरफ किसी यात्री ने अचानक चेन पुलिंग कर दी। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैला दी। आग की सूचना सुनते ही यात्रियों में घबराहट फैल गई और कुछ लोगों ने दोबारा चेन पुलिंग कर दी। इस कारण ट्रेन गोकुल धाम परसोरा फाटक के पास अचानक रुक गई। अफरा-तफरी में कुछ यात्री डिब्बे से कूदने भी लगे। ट्रेन करीब 10 से 15 मिनट तक वहीं खड़ी रही, सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम तुरंत मौके पर पहुंची, आरपीएफ ने गार्ड से संपर्क किया। गार्ड ने बताया कि ट्रेन में आग नहीं लगी है, किसी व्यक्ति ने जनरल बोगी में चेन पुलिंग कर दी और साथ ही आग लगने की अफवाह उड़ा दी। आरपीएफ ने स्थिति को नियंत्रित किया और यात्रियों को शांत कराया। प्रत्यक्ष दर्शी दीपक कुमार लोधी ने बताया कि किसी ने गाड़ी की चेन पुलिंग कर दी थी और यात्री ट्रेन से नीचे उतरने लगे थे इस बीच यात्रियों में से कई लोग आग लगने की बात भी कर रहे थे, लेकिन मौके पर आग जैसा कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था।

तुलसी जयंती पर जगन्नाथ पुरी में गूंजा रामनाम, हुआ दिव्य रामार्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



ब्रह्मांड में पहला रामार्चन स्वयं भगवान शिव ने और दूसरा ब्रह्माजी ने किया था। रामार्चन पद्धति में भगवान श्रीराम के साथ उनके दिव्य परिवार और श्रीहनुमान की आराधना का विशेष विधान बताया गया है। शास्त्रीय मान्यताओं में विधि-विधान से संपन्न रामार्चन को इतना पुण्यकारी बताया गया है कि इसके फल की तुलना हजारों अश्वमेध और राजसूय यज्ञों से की गई है। यह भाव गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर जगन्नाथपुरी के छोटा छत्ता मठ में बुधवार को आयोजित हुए श्रीरामार्चन महायज्ञ में नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने आचार्यत्व करते हुए विधि-विधान से रामार्चन पूजन संपन्न कराया। महाप्रभु जगन्नाथ की पावन भूमि पर हुए इस अनुष्ठान में वृंदावन से पधारे संत पुरुषोत्तम दास भक्तमाली यजमान और भुवनेश्वर के डॉ. आशुतोष एवं मनोरमा यजमान रुप में अनुष्ठान में सहभागिता की। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज, पं. केशव शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया गया। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भी विधिवत समापन हुआ। मालूम हो कि गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान श्रीराम के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए श्रीराम चरितमानस की रचना की। ऐसे में तुलसीदास जी की जयंती पर श्रीरामार्चन का आयोजन अपने आप में विशेष आध्यात्मिक महत्व रखता है। जगन्नाथपुरी जैसे पवित्र क्षेत्र में यह अनुष्ठान हुआ, जहां सदियों से भक्ति, साधना और संत परंपरा की धारा प्रवाहित रही है।

मानस भवन में रामायण मंडल ट्रस्ट ने मनाई तुलसीदास की जयंती



गंजबासौदा। रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा मानस भवन में गोस्वामी तुलसीदास की 529 वी जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम पंडित अशोक दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ तुलसीदास जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर माल्यार्पण किया। उसके उपरांत प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामायण मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन मोहन तिवारी ने कहा कि तुलसी दास जी ने भगवान श्री राम के चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरल भाषा में रामचरितमानस की रचना की और उनके साहित्य ने समाज मे प्रेम, भाई चारा, मर्यादा और भक्ति की भावना को मजबूत किया है। इस अवसर पर योगेश भाई शाह ने ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य स्व कैलाश नारायण अग्रवाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सन 2000 में मानस भवन में तुलसीदास जी की प्रतिमा स्थापित कराई थी। इस मोकै पर नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, बृज किशोर सुहाने, गोविंद नारायण खण्डेलवाल, विनीत अरोरा. मधुलिका अग्रवाल, अंगुरी बाई अग्रवाल, दयाशंकर जायसवाल, महेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, प्रकाश महेश्वरी, अशोक अग्रवाल मंकू जी, राम गोपाल गुप्ता, नाटू भाई पटेल, तुलसी राम नामदेव, जया बेन पटेल, देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह, संतोष शर्मा उपस्थित थे।

खाद्य विभाग विदिशा एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

मिठाई दुकानों व होटल पर उपयोग हो रहे घरेलू सिलेंडरों को किया जब्त



कार्रवाई की भनक लगते ही मचा हड़कंप

प्रशासनिक कार्रवाई की सूचना जैसे ही बाजार क्षेत्र में फैली, मिठाई दुकानदारों और होटल संचालकों में हड़कंप की स्थिति बन गई। बताया जाता है कि टीम द्वारा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक मानकों की जांच की गई। वहीं, कुछ होटल एवं प्रतिष्ठानों से घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए जाने की कार्रवाई भी सामने आई है। त्यौहारों के नजदीक आते ही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और मिलावट को लेकर प्रशासन सक्रिय दिखाई दिया है। हालांकि शहरवासियों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा रही कि आखिर पूरे साल खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और होटल-मिठाई दुकानों की जांच को लेकर प्रशासन की सक्रियता सीमित क्यों रहती है और त्यौहारों के आसपास ही अचानक बड़े स्तर पर कार्रवाई क्यों शुरू होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में एक बार फिर खाद्य विभाग विदिशा एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई देखने को मिली। बुधवार को प्रशासनिक अमले ने शहर के चांदनी चौक क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर स्थित मिठाई दुकानों और होटलों में पहुंचकर खाद्य सामग्री की जांच की तथा सैंपल लेने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों की टीम को देखकर व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

कई दुकानदारों में अचानक हुई इस कार्रवाई को लेकर दिनभर चर्चा बनी रही। बुधवार को विदिशा से आए खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने चांदनी चौक स्थित राजभोग स्वीट्स,मुखिया जी स्वीट,एंजिल होटल सहित अन्य मिठाई दुकानों और प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सैंपल लिए गए। कार्रवाई में खाद्य अधिकारी विदिशा खुदरिया खान, कल्पना, सारिका गुप्ता, प्रकाश यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम ओम नारायण बड़कुल एवं राजस्व अमला भी कार्रवाई के दौरान मौजूद रहा।

चेहरे पर मास्क लगाकर पहुंचे एसडीएम



बुधवार की कार्रवाई के दौरान एसडीएम ओम नारायण बड़कुल भी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान उनके चेहरे पर मास्क लगा होने के कारण यह भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। क्योंकि अन्य जो अधिकारी कार्यवाही के लिए पहुचें उनके चहरो पर कोई मास्क नही था। प्रशासनिक टीम द्वारा प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच किए जाने से बाजार में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी जैसा माहौल दिखाई दिया। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि खाद्य विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट कब आएगी और यदि किसी प्रतिष्ठान की खाद्य सामग्री गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरती है तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी। आमजन का मानना है कि केवल सैंपल लेने और औपचारिक कार्रवाई से बात नहीं बनेगी, बल्कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी होना चाहिए।

नियमित कार्रवाई की जरूरतः नगरवासियों ने मांग की है कि खाद्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को केवल त्यौहारों के समय सक्रिय होने के बजाय पूरे वर्ष नियमित रूप से जांच अभियान चलाना चाहिए। मिठाई दुकानों के साथ-साथ होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, किराना दुकान और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की भी समय-समय पर जांच की जाए। बुधवार को हुई कार्रवाई ने एक बार फिर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि यह अभियान केवल रक्षाबंधन के आसपास की कार्रवाई बनकर रह जाता है या फिर खाद्य विभाग और स्थानीय प्रशासन आगे भी इसी तरह लगातार निगरानी रखकर आम नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाता है।

इनका कहना है...

चांदनी चौक स्थित मुखिया जी स्वीट, राज भोग स्वीट आदि तीन मिठाई दुकानों पर सैंपल की कार्रवाई की गई है। साथ ही एंजिल होटल व अनुश्री होटल पर कार्रवाई जारी है।

खुदसिया खान, खाद्य विभाग विदिशा।

त्यौहार आते ही जागता है प्रशासन

नगरवासियों का कहना है कि हर वर्ष रक्षाबंधन, दीपावली और अन्य बड़े त्यौहारों के आसपास प्रशासन द्वारा मिठाई दुकानों, होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाती है। लेकिन इसके बाद पूरे वर्ष खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, मिलावट और स्वच्छता व्यवस्था की नियमित जांच को लेकर प्रशासनिक



गतिविधियां कम ही दिखाई देती हैं। इस बार भी रक्षाबंधन जैसे बड़े त्यौहार के नजदीक आते ही खाद्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई शुरू हो गई है। ऐसे में लोगों का सवाल है कि यदि खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता की जांच आम नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, तो यह कार्रवाई केवल त्यौहारों तक ही सीमित क्यों रहे। नियमित अंतराल पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की मिठाई दुकानों, होटलों, ढाबों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की जाना आवश्यक है।

कुछ चुनिंदा दुकानों तक ही सीमित न रहे कार्रवाईः बुधवार को हुई कार्रवाई के दौरान कुछ चुनिंदा प्रतिष्ठानों पर जांच एवं सैंपलिंग की गई। लेकिन नगर में बड़ी संख्या में छोटी-बड़ी मिठाई दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या कार्रवाई केवल कुछ प्रतिष्ठानों तक सीमित रहेगी या फिर व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर खाद्य सामग्री खुले में रखी जाती है, स्वच्छता के मानकों का पालन नहीं होता और खाद्य पदार्थों के रखरखाव को लेकर भी लापरवाही देखने को मिलती है। यदि प्रशासन वास्तव में आमजन के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है तो कार्रवाई निष्पक्ष और व्यापक होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की मिलावट या घटिया खाद्य सामग्री की बिक्री पर प्रभावी रोक लग सके।

हस्तनिर्मित जूट बैग भेंट कर श्वेता आनंद त्यागी ने बताया महिला स्वावलंबन का महत्व

जूट के थैले में साकार हुआ 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश, अजय जामवाल ने की पहल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के संदेश को धरातल पर उतारते हुए महिलाओं के स्वावलंबन, भारतीय लोककला और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ने की एक सराहनीय पहल सामने आई है। गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन की संस्थापक श्वेता आनंद त्यागी ने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को महिलाओं द्वारा तैयार किया गया वारली आर्ट से सुसज्जित हस्तनिर्मित जूट बैग भेंट किया। जूट के इस आकर्षक और कलात्मक थैले को देखकर अजय जामवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए श्वेता आनंद त्यागी को बधाई दी। उन्होंने महिला स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय कला को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे इस प्रयास को महत्वपूर्ण बताया।

महिलाओं के हुनर और मेहनत से तैयार हुआ अनोखा बैगः इस अवसर पर श्वेता आनंद त्यागी ने जूट बैग की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैग महिलाओं द्वारा अपने हाथों से तैयार किया गया है। बैग पर उकेरी गई वारली पेंटिंग भारतीय लोककला, ग्रामीण संस्कृति और पारंपरिक जीवन शैली की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत करती है। उन्होंने बताया कि जूट से निर्मित होने के कारण यह थैला पर्यावरण के अनुकूल है। यह पॉलीथिन और अन्य हानिकारक प्लास्टिक उत्पादों का बेहतर विकल्प बनने के साथ-साथ मजबूत, उपयोगी और आकर्षक भी है। दैनिक उपयोग में ऐसे उत्पादों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटा लेकिन प्रभावी योगदान दिया जा सकता है। श्रीमति त्यागी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल लोगों को पॉलीथिन का विकल्प उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि उन महिलाओं के हुनर को पहचान दिलाना भी है, जो अपनी मेहनत और कला के माध्यम से ऐसे उत्पाद तैयार कर रही हैं। जब स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को लोगों द्वारा अपनाया जाता है, तो उसका सीधा लाभ उन महिलाओं, कारीगरों और छोटे समूहों तक पहुंचता है, जो अपने हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होने कहा कि एक जूट का थैला केवल पर्यावरण बचाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह किसी महिला के हुनर, उसकी मेहनत और आत्मनिर्भर बनने के सपने की कहानी भी अपने साथ लेकर चलता है। महिलाओं को केवल सहायता की नहीं, बल्कि उनके हुनर के लिए उचित मंच और बाजार की आवश्यकता है। यदि स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए तो अनेक महिलाओं और कारीगरों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

वोकल फॉर लोकल' को जन-जन के जीवन से जोड़ने की जरूरत : इस मौके पर श्वेता त्यागी ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों को अपनाने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि पारंपरिक कला और संस्कृति को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब हम किसी स्थानीय उत्पाद को खरीदते हैं तो हम केवल एक वस्तु नहीं खरीदते, बल्कि उसके पीछे जुड़े किसी परिवार, कारीगर और महिला के सपनों को भी आगे बढ़ाने में सहयोग करते हैं। जूट बैग पर बनाई गई वारली कला ने इसे विशेष आकर्षण प्रदान किया। पारंपरिक वारली चित्रकला में ग्रामीण जीवन, प्रकृति, पशु-पक्षियों, खेती-किसानी और सामाजिक जीवन की झलक दिखाई देती है। इस कला को जूट के थैले के माध्यम से प्रस्तुत कर आधुनिक उपयोगिता और पारंपरिक भारतीय कला का सुंदर समन्वय किया गया है। यह प्रयास इस बात का उदाहरण है कि यदि स्थानीय कला को आधुनिक उत्पादों से जोड़ा जाए तो पारंपरिक हुनर को रोजगार और बाजार दोनों मिल सकते हैं। गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं के हुनर, भारतीय लोककला और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। संस्था का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। यदि हर व्यक्ति पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का उपयोग करने लगे तो इससे प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिल सकती है।

एक छोटे प्रयास में छिपा बड़ा संदेश : वारली आर्ट से सुसज्जित यह हस्तनिर्मित जूट बैग केवल एक उपहार बनकर नहीं रहा, बल्कि इसने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, भारतीय लोककला, पर्यावरण संरक्षण और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को एक साथ प्रस्तुत किया। वही अजय जामवाल द्वारा इस पहल की सराहना किए जाने से महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

यूसीसी विधेयक के विरोध में मुस्लिम समाज की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। समान नागरिक संहिता के विरोध में ज्ञापन देते हुए महिलाएं।

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक 2026 के विरोध में बुधवार दोपहर मुस्लिम समाज की महिलाएं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विधेयक को वर्तमान स्वरूप में वापस लेने अथवा इस पर रोक लगाने की मांग की। समाज की महिलाओं ने कहा कि विधेयक को लेकर उनकी आपत्तियों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में कहा गया कि भारत की सामाजिक एवं कानूनी व्यवस्था विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित है। संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता का उल्लेख नीति निदेशक तत्व के रूप में है, वहीं धार्मिक स्वतंत्रता एवं अन्य मौलिक अधिकार संविधान द्वारा संरक्षित हैं। समाजजनों ने आशंका जताई कि प्रस्तावित प्रावधानों से व्यक्तिगत कानून और धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है।

मेहविश मेहमूद कामिल ने विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और वसीयत से जुड़े प्रावधानों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एक-विवाह की अनिवार्यता, विवाह पंजीकरण, प्रतिबंधित रिश्ते और तलाक की न्यायिक प्रक्रिया जैसे प्रावधान मुस्लिम पर्सनल लॉ के कई पहलुओं को प्रभावित कर सकते हैं। फर्स्ट कजिन से विवाह पर प्रस्तावित प्रतिबंध को लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई गई। समाज ने मांग की कि अनुसूचित जनजातियों की तरह मुस्लिम समुदाय के धार्मिक एवं व्यक्तिगत कानूनों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक छूट दी जाए। साथ ही विधेयक लागू करने से पहले सभी धार्मिक समुदायों, कानूनी विशेषज्ञों और प्रभावित पक्षों से व्यापक एवं सार्थक परामर्श किया जाए। इस अवसर पर मुफ्ती अब्दुल अजीम, मेहमूद कामिल, अंसार मंसूरी बासौदा, इरशाद गौरी सिरोंज, सलीम पटेल, अच्छे पटेल, असलम पटेल, नूर भाई सिरोंज सहित मेहविश मेहमूद कामिल, निदा मंसूरी, जैनब शकील, सानिया, मुमताज, बुशरा, सुहाना, बरकत बेगम, रशीदा, फिरोज जहां, तबस्सुम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

उत्कृष्ट कार्य के लिए हैंडपंप संधारण तकनीकी कर्मचारियों का सम्मान



ग्यारसपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने किया कर्मचारियों का सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में पदस्थ हैंडपंप संधारण तकनीकी कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टेक्नीशियन प्रमोद प्रजापति, योगेश वर्मा को मंच पर बुलाकर जनपद अध्यक्ष रजनी बृजेश लोधी, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन एवं जनपद के कर्मचारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने में तकनीकी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं टेक्नीशियन प्रमोद प्रजापति ने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के निराकरण एवं उन्हें बंद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्य को विशेष रूप से सराहा गया। सम्मान मिलने पर कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों एवं जनपद प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

अचानक बढ़े शक्कर के दाम, ग्राहक परेशान

विदिशा। शक्कर के दामों में अचानक से हुई भारी बढ़ोतरी ने घर का बजट बढ़ाना शुरू कर दिया है। 15 दिनों के भीतर प्रतिकिलों पर करीब 10 रुपए की वृद्धि हो गई है। व्यापारी नरेंद्र धनवानी ने बताया कि पहले बाजार में शक्कर फुटकर में 55 रुपए किलो मिल रही थी अब 65 रुपए प्रतिकिलो पर पहुंच गई है। वहीं थोक में 4350 रुपए क्विंटल के भाव थे जो अब 6150 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गए हैं। जिससे घर का वजट बिगड़ने लगा है।

द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम की अंकसूची एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। बड़े जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान करते अतिथि।

किले अंदर स्थित शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर विदिशा में मुनिश्री सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से सांगानेर संस्थान द्वारा संचालित द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम 2024-25 की अंकसूची एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राजेश जैन, सकल जैन समाज विदिशा के अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, बड़े जैन मंदिर के अध्यक्ष मलूकचंद जी जैन, संजय सेठ, राजेंद्र सतभैया, प्रकाश चंद सिंघई, निर्मल कुमार, कमल कुमार , वीरेंद्र कुमार, रविकांत जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वल की गई। उसके पश्चात कुमारी आर्ची जैन द्वारा मंगलाचरण किया गया। मंच का संचालन अनीता जैन मोदी एवं डिंपल जैन द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम के बाद द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम विदिशा के संयोजक अजय जैन भाई वाले और उपसंयोजक गौरव जैन ने सभी का आभार माना।

प्राणघातक हमले के आरोपी को 5 वर्ष कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्राणघातक हमला करने के मामले में माननीय सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने आरोपी विशाल को धारा 307 आईपीसी के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

घटना 24 फरवरी 2024 को पूरनपुरा कलारी के पास हुई थी। गाली देने से मना करने पर आरोपी रामबाबू ने धीमेश राजपूत के पेट में चाकू मार दिया, जबकि विशाल ने डंडे से उसके सिर पर वार किया। अन्य आरोपियों ने उसे पकड़कर नीचे पटक दिया।

उपचार के बाद वीरेंद्र रैकवार की रिपोर्ट पर थाना देहात में प्रकरण दर्ज हुआ। अभियोजन की ओर से शासकीय अधिवक्ता हिम्मत सिंह कुशवाह ने साक्ष्य प्रस्तुत कर घटना प्रमाणित की।

शास्त्रीय संगीत गोष्ठी में सौम्या शर्मा ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सुविख्यात संगीतकार-गायक सुदिन श्रीवास्तव के निवास पर आत्मीय शास्त्रीय संगीत गोष्ठी का आयोजन हुआ। संगीत संध्या में गायन और तबला वादन की प्रस्तुतियों ने संगीतप्रेमियों को देर तक मंत्रमुग्ध रखा।

सौम्या शर्मा ने राग यमन से सजाई शाम

गोष्ठी का शुभारंभ स्टार प्लस के 'दिल है हिन्दुस्तानी' कार्यक्रम की विजेता गायिका सौम्या शर्मा के गायन से हुआ। पं. नीलेश तिवारी के हारमोनियम सहयोग के साथ उन्होंने राग यमन में विलंबित एकताल की रचना 'करिये, करिये कृपा मोपे, मोरे श्याम मुरारी' प्रस्तुत की। गंभीर और संयत स्वर-विस्तार, बहलावे, बोल-तान और द्रुत तानों से उन्होंने प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाया। इसके बाद मध्यलय तीनताल में उस्ताद अमीर खां साहब की प्रसिद्ध बंदिश 'ऐसो सुंदर चतुरवा बालमवा' प्रस्तुत की। तबले पर पं. शशिकांत शर्मा ने सधी हुई संगति दी।

अवनि भार्गव ने राग बिहाग में बिखेरी मधुरता

इसके बाद कुमारी अवनि भार्गव ने राग बिहाग में गायन प्रस्तुत किया।



विदिशा। सुदिन श्रीवास्तव के निवास पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

विलंबित एकताल की रचना 'हे जग जीवन थोरा' में उनकी मधुर आवाज और सहज स्वर-संचालन ने श्रोताओं को प्रभावित किया। बोल-आलाप, बोल-तान और द्रुत तानों के बाद उन्होंने पं. जसराज की बंदिश 'देखो मोरी रंग में भिगोये डारी' से गायन का समापन किया।

लवप्रताप पाल ने तबला वादन से किया समापन

अंतिम चरण में विख्यात तबला वादक मनोज पाटीदार के शिष्य लवप्रताप पाल ने तबला वादन किया। फर्रुखाबाद, दिल्ली और बनारस घरानों की परंपराओं का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हुए उन्होंने पेशकार, कायदे, परन, चक्करदार, गत और रेलों से श्रोताओं को प्रभावित किया। कुमारी अदिति शर्मा ने प्रस्तुतियों की संगीतपरक विशेषताओं पर प्रकाश डाला। संचालन कुमारी कंचन मालवीय एवं आरती अहिरवार ने किया। अंत में कान्हा शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुन्दर लाल अहिरवार एंव श्रीमति बेबी बाई अहिरवार निवासी- वार्ड नं. 10 गौशाला गंजबासौदा तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 236/245 वार्ड नं. 10 अम्बेडकर वार्ड मालगोदाम रोड महावीर विहार के सामने वाला मार्ग मील रोड क्षेत्र (गौशाला रविदास धर्मशाला के पास क्षेत्र) गंजबासौदा तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा में स्थित है।

जिसकी संपत्ति आईडी 9000042523 एंव क्षेत्रफल 468 वर्गफिट है। एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में डालचंद का मकान, पश्चिम में :-ब्रन्दावन अहिरवार का मकान, उत्तर में रास्ता एवं दक्षिण में मोहन अहिरवार का मकान है। का दिनांक 11/08/2026 ई रजि.न MP42IGR18862026 A 100985264 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान को श्री सुन्दर लाल अहिरवार एंव श्रीमति बेबी बाई अहिरवार इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है। जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी। दिनांक 19/08/2026

भवदीय
जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्यालय मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न. 9300265996

भोपाल रेफर मरीजों को नहीं मिली एंबुलेंस, किराए और निजी वाहनों से ले जाना पड़ा

गैरेज के समीप खड़ी रहीं एंबुलेंस, अस्पताल में अटेंडर करते रहे वाहनों के लिए इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिला अस्पताल में मरीजों के लिए संचालित इमरजेंसी वाहन सेवा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। एक ओर जहां जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों को भोपाल रेफर किए जाने के बाद उनके परिजन एंबुलेंस के लिए परेशान होते रहे।वहीं दूसरी ओर मंगलवार और बुधवार को करीब एक दर्जन एंबुलेंस कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने एक मैकेनिक के गैरेज के पास दिनभर खड़ी नजर आईं। ऐसे में जिला अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और एंबुलेंस सेवा की मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में मंगलवार और बुधवार को कई गंभीर मरीजों को उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया। मरीजों के परिजनों ने अस्पताल परिसर से एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए संपर्क किया। लेकिन उन्हें समय पर वाहन नहीं मिल सका। मजबूरी में कुछ मरीजों के अटेंडरों को निजी और किराए के वाहनों का सहारा लेना पड़ा। गंभीर मरीजों को लेकर परिजन किराए के वाहनों से भोपाल रवाना हुए। इस दौरान उन्हें आर्थिक परेशानी के साथ मरीज की हालत को लेकर भी चिंता बनी रही।



लंबा इंतजार मरीज की परेशानी बढ़ा सकता है

मरीजों के परिजन रामसिंह , प्रेमनारायण पटेल ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में एंबुलेंस आने का इंतजार करते रहे। लेकिन जब काफी समय तक वाहन उपलब्ध नहीं हुआ तो उन्हें निजी वाहन तलाशने पड़े। परिजनों का कहना है कि गंभीर मरीज को तत्काल उच्चस्तरीय उपचार की जरूरत होती है। ऐसे में एंबुलेंस के लिए लंबा इंतजार मरीज की परेशानी बढ़ा सकता है। उनका आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

एंबुलेंस जिला अस्पताल में उपलब्ध रहना चाहिए

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिला अस्पताल में मरीजों को एंबुलेंस की जरूरत पड़ रही थी। उसी दौरान करीब एक दर्जन एंबुलेंस कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने खड़ी दिखाई दीं। लोगों का कहना है कि यदि ये वाहन मरीजों की इमरजेंसी सेवा के लिए हैं तो इन्हें जिला अस्पताल परिसर में उपलब्ध रहना चाहिए। एंबुलेंस के दूसरे स्थान पर खड़े रहने से मरीजों को समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही है।

पहले भी सामने आई बड़ी लापरवाही....

एंबुलेंस सेवा को लेकर इस तरह की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन की ओर से व्यवस्था की नियमित निगरानी और वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने के आरोप लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि इमरजेंसी सेवा में लापरवाही सीधे मरीजों की जान से जुड़ा मामला है, इसलिए इसकी गंभीरता से जांच होना चाहिए।

ठेके पर संचालित होती है 108 सेवा

जिले में सड़कों पर दौड़ रहीं 108 एंबुलेंस सेवा एक कंपनी के माध्यम से ठेके पर संचालित की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ वेंडरों द्वारा निजी वाहनों का भी संचालन किया जा रहा है और इस व्यवस्था में अनियमितता के जरिए कमाई की जा रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लोगों ने एंबुलेंस संचालन, वाहनों की वास्तविक संख्या, उनकी लोकेशन और मरीजों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं की जांच कराने की मांग की है।

जांच के बाद सामने आ सकता है सच

लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल और कलेक्ट्रेट कार्यालय के आसपास खड़ी एंबुलेंस की स्थिति की जांच की जाए। साथ ही यह भी देखा जाए कि किस वाहन को किस मरीज के लिए कब बुलाया गया।वाहन कहां मौजूद था और मरीज को सेवा क्यों नहीं मिल सकी। यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं अस्पताल प्रबंधन को गंभीर मरीजों के लिए 24 घंटे पर्याप्त एंबुलेंस उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए।

इनका कहना है ...

हमने एंबुलेंस कंपनी के मालिक को शोकाज नोटिस भेजा है। इसके बाद संतोष जनक जबाव नहीं मिला तो जुर्माने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
डॉ एमडी भारती, एंबुलेंस सेवा नोडल अधिकारी रायसेन

एंबुलेंस की लापरवाही पर हो चुका है ढाई लाख रुपए का जुर्माना...

देवरी उदयपुरा से डिलीवरी के लिए एक प्रसूता को लेकर जिला अस्पताल आ रही 108 एंबुलेंस के चालक द्वारा देरी से आने बरती गई लापरवाही पर नोडल अधिकारी डॉ एमडी भारती द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जरिए टेंडर से लगी एंबुलेंस वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएस 1442 करीब दो लाख 42 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है।

अधिकारियों की समझाइश पर खुला जाम

बिजली, पानी व सड़क के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण, किया चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले के सुल्तानगंज क्षेत्र से सिस्टम की बदहाली की तस्वीर सामने आई है। टेकापार खुर्द गांव में सड़क, बिजली और पानी की समस्याओं से परेशान ग्रामीणों का मंगलवार शाम सब्र टूट गया। स्कूली बच्चों को साथ लेकर ग्रामीण कीचड़ से भरी सड़क पर धरने पर बैठ गए और चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही तहसीलदार, जनपद सीईओ और पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों की समझाइश और समाधान के आश्वासन के बाद जाम खुला। हालांकि ग्रामीणों ने सात दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

तस्वीरें टेकापार खुर्द गांव की हैं, जहां सड़क की बदहाली ने ग्रामीणों के गुस्से को आंदोलन मंए बदल दिया। कीचड़ से लथपथ सड़क पर स्कूली बच्चे और ग्रामीण धरने पर बैठे नजर आए। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर पुरानी सड़क खोद दी गई, लेकिन करीब दो साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो गए हैं। दरअसल, स्टेट हाईवे-15 पर टपरा से टेकापार खुर्द होते हुए पड़रिया राजाधार तक सड़क निर्माण का काम शुरू किया गया था। पुरानी पक्की सड़क को खोदकर नई सड़क बनाने की शुरुआत हुई, लेकिन कई हिस्सों में गिट्टी डालकर काम छोड़ दिया गया, तो कुछ जगह कच्ची मुरम डालकर सड़क अधूरी छोड़ दी गई। अब बारिश के बाद यही रास्ता कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दर्जनों गांवों के लोगों की आवाजाही इसी रास्ते से होती है और उन्हें रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चक्का जाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार देवेंद्र शुक्ला, जनपद सीईओ मोगराज मीणा और सुल्तानगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। ग्रामीणों के आंदोलन के बाद अब लोक निर्माण विभाग की ओर से भी सड़क निर्माण को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है। ढहए के एए बालकिशन सूत्रकार के मुताबिक करीब दो वर्ष पहले सड़क निर्माण का काम शुरू हुआ था।

उस समय क्षेत्र के किसानों ने मुआवजे की मांग की थी। विभाग द्वारा विधिवत भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

धनवंतरी निरोग धाम द्वारा आज टीम पहल में निशुल्क चिकित्सा शिविर

बरेली । श्री धव्वंतरी निरोग धाम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र द्वारा विभिन्न रोगों का निरंतर उपचार एवं रोगियों को परामर्श दिया जा रहा है। आज 20 अगस्त को संस्था द्वारा टीम पहल के आश्रम में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।शिविर के दौरान हड्डियों में कैल्शियम की जांच नाडी परीक्षण, रक्तचाप की जांच,मर्म चिकित्सा विध एवं अग्निकर्म मुफ्त में दवा का वितरण किया जाएगा। आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र द्वारा प्रत्येक पुष्प नक्षत्र पर बच्चों का स्वर्ण प्रासन संस्कार भी किया जाता है।

नगर व क्षेत्र की सड़कों पर सैकड़ों मवेशियों का बना डेरा

वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की मौत जिम्मेदार कौन



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों पर 24 घंटे आवारा मवेशियों का डेरा बना हुआ है। फोरलेन 45 पर स्थान पर तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की मौत और घायल हो रही है सड़कों पर बनी रहने वाली मवेशिया स्वयं के साथ अन्य वाहन चालकों की घायल होने मौत होने का कारण बन रही है। क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या आवारा मवेशी बनी हुई है उनकी मौत के लिए पशुपालक किसान सड़कों के किनारे वाली ग्राम पंचायत फोर लाइन 45 के टोल वसूल करता स्थानीय निकाय को गोशालाओं की कमी अधूरी आप पर्याप्त गौशालाओं की व्यवस्था का कौन जिम्मेदार है यह प्रश्न बना हुआ है ।

जब से कांजी हाउस की ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र में व्यवस्था समाप्त हुई पशुपालक किसान निडर होकर दूध न देने वाले गोवंश को छोटटा आवारा छोड़ रहे हैं। बारिश ही नहीं वर्ष के 12 महीना नगर एवं क्षेत्र की सभी प्रमुख सड़कों पर मवेशियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है सड़कों पर मवेशी भूखी प्यासी और बीमार बनी रहती हैं ।कलेक्टर रायसेन के आदेश पर ग्राम पंचायत स्थानीय निकायों टोल प्लाजा वालों को सड़कों से मवेशी हटाने की जिम्मेदारी सौंपने के बाद भी निचले स्तर पर क्रियान्वयन का अभाव बना हुआ है।

गोशालाओं की कमी

क्षेत्र में कुछ ही गोशालाएं हैं क्षेत्र की प्रमुख सड़कों फोर लाइन 45 नगर में गोशालाओं की कमी और ग्राम 7पंचायत में गौशालाओं के न होने या उनकी क्षमता कम और आधी अधूरी गोशालाओं का ठीक प्रकार से संचालन न होने से स्थिति बत्तर बनी हुई है यदि प्राथमिकता से सड़कों के किनारे वाली ग्राम पंचायत में गोशालाओं का निर्माण और भली प्रकार संचालन से आवारा छोटा मवेशी की समस्या पर कुछ नियंत्रण हो सकता है

मेढकी गांव में शटर तोड़कर अनाज चोरी करने वाले 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार, सामान व बाइक बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर

रायसेन जिले के ग्राम मेढकी में हुई चोरी का सांची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने अनाज चोरी के मामले में विदिशा निवासी तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किया गया माल और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी तुलसीराम लोधी (पिता भोगीराम लोधी), निवासी मेन रोड ग्राम मेढकी थाना सांची, के घर के बाहर बने टीन शेड से अज्ञात बदमाशों ने दो अलग-अलग तारीखों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। 30 जुलाई की रात लगभग 11 बजे और 10 अगस्त की रात 11 बजे चोरों ने शटर के पास रखे अनाज पर हाथ साफ किया।अज्ञात चोर टीन शेड से कुल 04 बोरी मूंग तथा 02 बोरी गेहूं ले उड़े, जिसकी कुल कीमत लगभग 22,500 बताई गई थी। फरियादी की शिकायत परपुलिस नेमामला विवेचना में लिया।

पुलिस की विशेष टीम ने बिछाया जाल

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रायसेन पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी रायसेन प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मुखबिरों से प्राप्त सूचना, तकनीकी साक्ष्यों और फरियादी द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने कबूला जुर्म

पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विदिशा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर चोरी करने सांची आए थे। दोनों रातों में चोरी किया गया अनाज उन्होंने बायपास पुलिया के पास छुपाकर रखा था। पकड़े गए आरोपिराजा (22 वर्ष), पिता बाबूलाल जाटव, निवासी करैयाखेड़ा रोड, आचार्य कॉलोनी, थाना सिविल लाइन विदिशा।पंकज (24 वर्ष), पिता लखनलाल अहिरवार, निवासी करैयाखेड़ा रोड, आचार्य कॉलोनी, थाना सिविल लाइन विदिशा।शिवराज (25 वर्ष), पिता हुस्नाम अहिरवार, निवासी करैयाखेड़ा रोड, आचार्य कॉलोनी, थाना सिविल लाइन विदिशा।पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 04 बोरी मूंग, 02 बोरी गेहूं और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

रुद्री निर्माण से भक्तिमय हुआ माहौल

धार्मिक भजनों, शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर के भोपाल रोड स्थित भोईपुरा वार्ड नंबर 8 के भगवान श्री चित्रगुप्त राधाकृष्ण मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह की लीला का मंचन भी किया गया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। धार्मिक भजनों पर कायस्थ समाज की महिला श्रद्धालु जमकर थिरकीं। शिव पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। कथा वाचक ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़े प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव और पार्वती का विवाह त्याग, तपस्या और समर्पण का प्रतीक है। प्रसंग के मंचन के दौरान चित्रगुप्त श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बन गया।

सावन में रुद्री निर्माण और महादेव का महाभिषेक...

सावन माह के चलते मंदिर में पार्थिव शिवलिंग और रुद्री निर्माण का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंग बनाए और भगवान शिव का पूजन आरती किया। इसके बाद महाभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में हुए धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धार्मिक प्रसंगों का आनंद ले रहे हैं।

सूखा करार में बाहरी महिलाओं की आवाजाही का आरोप, ग्रामीणों ने सांची थाने में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/सांची

जिले के सूखा करार गांव में कथित देह व्यापार को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सूखा करार गांव में बाहरी महिलाओं की आवाजाही बढ़ने से माहौल प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सांची थाने पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा और मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सूखा करार गांव में लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। बाहरी लोगों के आने-जाने से गांव की महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव की पहचान इस तरह की गतिविधियों से होने का असर बच्चों और युवाओं पर भी पड़ रहा है। उनका कहना है कि गांव के कई युवा शिक्षा, खेल और सेना के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।लेकिन कथित देह व्यापार की चर्चा के कारण गांव की छवि प्रभावित होती है।

पहले भी प्रशासन को सौंप चुके ज्ञापन

इस मामले को लेकर ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य सपना लावरिया व प्रतिनिधियों की ओर से पहले भी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को शिकायतें दी जा चुकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस गांव में बाहरी लोगों की आवाजाही और संदिग्ध गतिविधियों की जांच करे। साथ ही अवैध शराब सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर भी कार्रवाई की जाए।

माता वैष्णोदेवी के दर्शन को 22 सदस्यीय जत्था जम्मू कश्मीर रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर से माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए 22 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार दोपहर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पाटनदेव से जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि खत्री और उनके साथियों ने श्रद्धालुओं को फूल-माला पहनाकर यात्रा के लिए रवाना किया।श्रद्धालुओं ने बताया कि माता वैष्णोदेवी यात्रा का यह 30वां वर्ष है।

वर्ष 1997 से यह यात्रा लगातार जारी है। जत्था विदिशा रेलवे स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुआ। गुरुवार शाम श्रद्धालु कटरा पहुंचेंगे। यहां रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह त्रिकूट पर्वत की पदयात्रा कर माता वैष्णोदेवी भवन पहुंचेंगे और माता वैष्णोरानी के दर्शन करेंगे।यात्रा मेंरामगोपाल कुशवाह, ठाकुर सिंह कुशवाह, जितेंद्र कुशवाहा, हेवत सिंह कुशवाह, भूपेंद्र कुशवाह, संदीप कुशवाह, मलखान सिंह कुशवाह, शिवराज विश्वकर्मा, , राजेंद्र कुशवाह, ऋषि कुशवाह, रामसेवक आठया, बबलू वर्मा, तिलक शाक्या, चंद्रेश जोशी, छगन नाविक, हरि भाई कुशवाह, कीर्ति कुशवाह सहित महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह है।

भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर सफर करना हो गया महंगा

बस किराया बढ़ने से आमजन परेशान, विद्यार्थियों की जेब पर भी बढ़ा बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭दीवानगंज

मध्यप्रदेश में बस किराए में बढ़ोतरी के बाद भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। राज्य सरकार की नई किराया व्यवस्था के तहत सामान्य बसों का अधिकतम आधार किराया 1.25 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2 रुपए प्रति किलोमीटर किया गया है।

किराया बढ़ने का सबसे ज्यादा असर मध्यमवर्गीय परिवारों और रोजाना बस से कॉलेज तथा काम पर आने-जाने वाले लोगों पर पड़ रहा है। दीवानगंज से भोपाल और विदिशा जाने वाले यात्रियों का कहना है कि पहले स्थानीय स्तर पर विद्यार्थियों से सामान्य किराए से कम राशि ली जाती थी। दीवानगंज से भोपाल का किराया जहां विद्यार्थियों से करीब 30 रुपए और विदिशा का 40 रुपए लिया जाता था, वहीं अब कई बसों में विद्यार्थियों से क्रमशः 50 और 60 रुपए तक किराया लिया जा रहा है।



विद्यार्थियों और बस संचालकों में बढ़ रहा विवाद

रोजाना कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों का कहना है कि बढ़ा हुआ किराया उनके लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है। पहले कम किराए में आने-जाने की सुविधा मिल जाती थी, लेकिन अब प्रतिदिन का खर्च काफी बढ़ गया है। सेजल साहू,सोनम प्रजापति, दीपिका कुर्मी, चंद्रेश लोधी, सोनाली ठाकुर, पायल अहिरवार, रानी विश्वकर्मा , मुस्कान साहू आदि विद्यार्थियों का आरोप है कि बस संचालक अब रियायती किराया लेने को तैयार नहीं होते, जिसके चलते कई बार यात्रियों और बस कर्मचारियों के बीच बहस और विवाद की स्थिति बन रही है। विदिशा में भी हाल ही में छात्रों ने बढ़े बस किराए के विरोध में प्रदर्शन कर राहत की मांग उठाई थी।

सरकार ने बढ़ाया अधिकतम किराया

परिवहन विभाग की नई व्यवस्था के अनुसार सामान्य बस का अधिकतम किराया अब 2 रुपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर और न्यूनतम किराया 10 रुपए तय किया गया है। अलग-अलग श्रेणी की बसों के लिए अतिरिक्त किराए की सीमा भी निर्धारित की गई है। बस ऑपरेटरों ने बढ़ती डीजल, रखरखाव और संचालन लागत का हवाला देते हुए किराया बढ़ाने की मांग की थी।

यात्रियों की मांग, विद्यार्थियों के लिए हो रियायत

हाईवे-18 पर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों और विद्यार्थियों की मांग है कि सरकार बढ़े हुए किराए की समीक्षा करे और कॉलेज एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के लिए रियायती पास या निर्धारित कम किराए की व्यवस्था लागू करे। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलने के साथ विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के लिए रोजाना आवागमन में आर्थिक परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

इनका कहना है...

में रोजाना दीवानगंज से भोपाल कॉलेज अप डाउन करती हूं पहले बस वाले 30 रुपए आने-जाने का किराए लिया करते थे लेकिन अब 50 रुपए से कम नहीं कर रहे हैं। जिससे हमें परेशानी हो रही है।
सेजल साहू, विद्यार्थी दीवानगंज

पहले हम सभी सहेली एक साथ कॉलेज बस से जाया करती थी बस में केवल 30 रुपए भोपाल तक लगते थे लेकिन किराए बढ़ जाने के कारण कई सहेलियां अब अपने निजी बहन से भोपाल तक जाने लगी है। अगर बस वाले किराए में कुछ छूट दे तो विद्यार्थियों को काफी हद तक फायदा हो सकता है।
पायल अहिरवार, विद्यार्थी संग्रामपुर दीवानगंज